# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 11.08.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.08.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक, कलस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई तथा जिला समन्वयक जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1- अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में शत्–प्रतिशत क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण हरदोई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हरदोई में अब तक कुल 174 गांवों में शत्–प्रतिशत क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन का कार्य हो चुका है। माह जुलाई में कुल 19 गांवों में शत्–प्रतिशत क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया प्रति सप्ताह प्रति विकासखण्ड कम से कम एक–एक ग्राम क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) से संतृप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के प्रगति की अवर अभियंतावार समीक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण हरदोई ने अवगत कराया के कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 द्वारा प्रतिदिन औसतन 1250 क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0 व समस्त अवर अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड कम से कम 100 क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य की पूर्ति हेतु प्रति विकासखंड 25 टीमों को क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) कार्य में लगाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3- अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड 100 क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मैन पावर बढ़ाते हुए प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड कम से कम 25 टीमों को क्रियाशील कराया

जाना सुनिश्चित करें तथा संपादित कराये जा रहे कार्यों को गुणवत्तापरक, मानकोनुरुप तथा निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक:- 2844 / आ-70 / 594

दिनांक: 20/8/23

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।